एक नजर में

डॉ प्रज्ञा आर साहू सर्जन ने जिला अस्पताल में सेवाएं प्रारंभ की



नर्मदापुरम/इटारसी. शासकीय चिकित्सालय नर्मदापुरम में नाक कान गला विशेषज्ञ (सर्जन) डॉ प्रज्ञा आर साहू ने डिस्ट्रिक्ट रूलर पोस्टिंग (डी आर पी) के तहत ज्वाइनिंग दी है। उल्लेखीय है कि डॉ प्रज्ञा साहू इटारसी के श्री रमेश के साहू एडवोकेट और इनरव्हील अध्यक्ष श्रीमति सविता आर साहू की सुपुत्री है। जो कि श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर से MS ENT (Jrx) है ।ज्ञात हो डॉ प्रज्ञा साहू ने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल नरसिंहपुर से स्थानांतरण पर नर्मदापुरम में ज्वाइनिंग दी है।. सर्जन डॉ प्रज्ञा साहू ने कहा कि गृह जिले में स्वास्थ सेवा देना गर्व का विषय है उन्होंने कहा मेरी सेवा अवधि में अधिक से अधिक सर्जरी हो ऐसी इच्छा है। नाक कान गले के रोग से पीड़ित लाभ उठाए सरकारी हॉस्पिटल नर्मदापुरम आए।

नवागत जनपद सीईओ रीना कुमारिया ने संभाला कार्यभार

बनखेड़ी। नवागत जनपद पंचायत सीईओ रीना कुमारिया ने मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि विगत लगभग 8 माह से जनपद पंचायत बनखेड़ी में स्थाई रूप से सीईओ की पदस्थी नहीं हो पा रही थी जिस कारण पंचायतों के कामों में परेशानी हो रही थी। इस दौरान पंचायत खंड पंचायत अधिकारी टीकाराम कुमरे, लेखापाल सुषमा चौकसे, एसबीएम ब्लॉक समन्वयक आशीष चौधरी, सतीश गौतम, सुनील परनामे, रंजीत आदि मौजूद रहे।

पौधा रोपण हुआ

पिपरिया प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृगांर अभियान अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। सक्षम सतत विकास सेवा समिति के नेतृत्व में प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृंगार अभियान के अंतर्गत शासकीय एकीकृत विद्यालय बीजनवाडा में पौधरोपण किया गया.

शीघ्र ही जननी सुरक्षा का मिलेगा लाभ

जनसुनवाई में प्राप्त 95 आवेदनों का हुआ समाधान

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/15,जुलाई,2025/ समग्र आईडी में होने के कारण जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के लाभ से वंचित महिला श्रीमती शिखा यादव को जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या का त्वरित समाधान मिला। माखन नगर निवासी श्रीमती शिखा यादव पति श्री दिव्यांशु को जिला अस्पताल में प्रसव के बाद मिलने वाली जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना की राशि कल समग्र आईडी की तकनीकी समस्या के चलते नहीं मिल पा रहा था। श्री दिव्यांशु द्वारा जनसुनवाई के दौरान दिए आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभारी अधिकारी श्रीमती बबीता राठौर ने समग्र आईडी में आ रही तकनीकी समस्या का प्रदेश स्तर से सुधार करवा कर पोर्टल पर समग्र आईडी का इंद्राज किया गया। जिससे अब श्रीमती शिखा यादव को शीघ्र ही जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना का लाभ मिल पाएगा।

इसी प्रकार मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री सोजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर श्री डी के सिंह ने 80 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। इसी प्रकार मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री सौजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर श्री डीके सिंह ने आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामों और क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान मोहन सिंह राजपूत निवासी ग्राम आरी तहसील माखन नगर की कृषि भूमि पर दबंगो द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा हटाये जाने की समस्या का समाधान करते हुए श्री रावत ने तहसीलदार माखन नगर को वीसी के माध्यम से स्थल निरीक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने की निर्देश दिए। इसी प्रकार पिपरिया निवासी मीराबाई मेहरा ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किस्त पिछले दो वर्षों से नहीं मिली है, जिसके कारण उनके मकान का कार्य अधूरा है एवं वह किराए के मकान में रहने को विवश है सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा पिपरिया सीईओ को निर्देश दिये कि शीघ्र ही किश्त वितरण में आ रही समस्या का समाधान कर जानकारी प्रस्तुत करें।

जनसुनवाई के दौरान रामनगर तहसील इटारसी निवासी शुभम मिश्रा द्वारा मेहरा-गांव स्थित कृषि भूमि का नामांतरण नही होने की समस्या से अधिकरियो को अवगत कराया जिस पर संज्ञान लेते हुए सीईओ श्री रावत द्वारा नामांतरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश तहसीलदार इटारसी को दिए।

जिले में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए - कलेक्टर

नवभारत न्यूज

हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन लंबित प्रकरणों व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक खबरों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने उर्वरकों उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए शासन से अतिरिक्त उर्वरकों की मांग की जाए ताकि जिले में उर्वरकों की कमी न हो। इसके साथ ही जिले में उर्वरकों की उपलब्धता के संबंध में किसानों जानकारी भी दी जाए।

सभी संकुल प्राचार्य सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करें -कलेक्टर श्री जैन ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी संकुल प्राचार्य सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिये कि सार्थक एप की रिपोर्ट के आधार पर ही संकुल प्राचार्यों का वेतन आहरित किया जाए। कलेक्टर श्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी को ग्राम रेसलपुर में संचालित कन्या छात्रावास के लिये शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने ई-केवायसी कार्य की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ई-केवायसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त डस्ट बिन लगाने के निर्देश भी दिये।

सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें - बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने एसडीएम टिमरनी व खिरकिया को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर डिपो के लिये स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये ताकि समय पर डिपो अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जा सकें। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का सतुष्टिपूर्वक निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम मॉनिट, मानव अधिकार आयोग, आयुक्त, जनसुनवाई व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण की जाए।

मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं से मंडराता खतरा

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 15 जुलाई सिवनी मालवा नगर की सड़कों चौक चौराहों पर आवारा पशुओं की लगातार बढ़ोत्री होती जा रही है। नगर के मुख्य मार्ग, गली मोहल्ले चौक चौराहों पर आवारा पशुओं ने जाम कर रखा है। बाजार क्षेत्रों और मोहल्लों में दिन-रात आवारा पशु घूमते रहते हैं। सड़क पर पशुओं की बढ़ती संख्या से यातायात प्रभावित हो रहा है। मुख्य राज्य मार्ग सहित जगह जगह पर आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। आवारा पशुओं का नगर में जहां तहां खडे रहने और बैठे रहने के कारण बाहन टकरा रहे है और राहगीर भी घायल हो जाते

है आए दिन दुर्धटनाएं हो रही है। मुख्य मार्ग पर पशुओं के बैठे होने से वाहन चालकों को वाहन निकालने में परेशानियां होती है। सबसे ज्यादा समस्या रात में होती है। सडक पर बैठे पशु भी घायल हो जाते है। भारी बाहन दो पहिया चार पहिया बाहनों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त होते है इसी के साथही बाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। अनेक नागरिकों ने बताया कि आवारा पशुओं के साथही नागरिकों को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने का समस्याओं से छुटकारा दिलाने का प्रयास कब किया जाएगा।

मृत मवेशियों को फेंकने से उत्पन्न दुर्गंध से श्रद्धालुओं को परेशानी

हण्डिया, प्रदेश की सरकार पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से जहां एक ओर करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर रहीं हैं। वही दूसरी तरफ स्थानीय, ग्राम पंचायत कि लापरवाही के चलते चर्मकार द्वारा मार्ग के साइड में मृत मवेशियों को फेकने से उत्पन्न दुर्गंध से पैदल व मोटर वाहन से करूणा धाम जाने बाले श्रद्धालुओं को परेशानी से जुझना पड रहा है। मृत मवेशियों को फेकने की जगह निर्धारित कि जाए। नगर में मृत मवेशियों को फेकने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है। जिससे चर्मकार मृत मवेशियों को कही भी फेक जाते हैं। जो आने जाने बाले श्रद्धालुओं की परेशानी का सबव बन गया है। आने वाले शैलानियो कि, यदि बात कि जाए तो अमावस्या, पूर्णिमा, तीज त्यौहारों पर सैकड़ों कि संख्या में लोग नर्मदा स्नान तथा करूणा धाम, कामख्या देवी दर्शन हेतु यहाँ आते जाते हैं।

श्री सोनेर जी का निधन

इटारसी. मनीष सिंह राजपूत, अजय सिंह राजपूत के पिताजी व महेंद्र सिंह राजपूत के बड़े भाई मदन सिंह राजपूत (सोनेर जी पीडब्ल्युडी वाले)का लगभग 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. वे बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. उनका अंतिम संस्कार स्थानीय शांति वन में किया गया. जिसमें समाज व नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा काफी संख्या में लोगों ने स्व सोनेर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

कावड़ियों ने नर्मदा से पचमढ़ी तक 80 किमी यात्रा पूरी की

नवभारत न्यूज

पचमढी, 15 जुलाई सावन के पहले सोमवार को पिपरिया के सांडिया से नर्मदा जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा शिव नगरी पचमढ़ी पहुंची। अखिल भारतीय रेवा सेवा मंडल नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ और महतारी जन जनकल्याण समिति के नेतृत्व में यह यात्रा आयोजित की गई। कांवड़ियों ने सांडिया नर्मदा तट से पचमढ़ी जटाशंकर तक लगभग 80 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा और जलपान के साथ यात्रा का स्वागत किया। प्रसिद्ध जटाशंकर मंदिर में सैकड़ों कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिव विवाह

समिति के पंडित रमेश त्रिपाठी, पूर्व सैनिक संजय कोरी, समाज सेवी बंटी नागवंशी, पवन साहू, प्रखर अग्रवाल और गोलू ने सेवाएं प्रदान कीं। पचमढ़ी के शिव मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने महादेव, गुप्त महादेव और चौरागढ़ मंदिर में भी पूजन किया। घरों में महिलाओं ने कई विधियों से भगवान शंकर का पूजन और ओम नमः शिवाय का जाप किया।

मधुरता, विनम्रता हमारे संगठन की मूल भावना है- मंजू बांगड़

पिपरिया - अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ पिपरिया पहुंची व सामाजिक बंधुओं से आव्हान किया कि समाज हित में झुककर अहम् को त्याग कर सबको साथ लेकर कार्य करे।। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा माहेश्वरी भवन नर्मदा कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ सामाजिक गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आपने सर्वप्रथम कहा कि समाज हित में झुककर अहम् को त्याग कर सबको साथ लेकर कार्य करे। मधुरता, विनम्रता हमारे संगठन की मूल भावना है मीठा बोलकर हम अच्छा काम सबको साथ लेकर कर सकते हैं जरूरी नहीं की हम मीठा खिलाकर ही सभी को खुश करें ।काम ऐसा करो की पहचान बन जावे हमारा काम करने का उद्देश्य सार्थक हो तो सफलता मिलती है आदर्श समाज सेवा के भाव को चरितार्थ रखता है। बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण कार्यशाला लगायें इसके लिए सभी समाज की बच्चियों को जोड़े इसकी खुशबू सभी समाज में जाना चाहिए यह राष्ट्र निर्माण में कदम उठाए। किशोरी संस्कार शिविर आयोजित करे आने वाले समय में संगमनेर में किशोरी संस्कार शिविर लग रहा है बच्चियों को भेजें संस्कारों का सृजन करे ।

हितग्राहियों को फलोद्यान योजनाओं के लाभ बताए

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/15,जुलाई,2025/ नर्मदापुरम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत द्वारा आज दिनांक 15 जुलाई को जनपद पंचायत माखननगर एवं जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायतों का जमीन स्तर से भ्रमण कर एक बगिया मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा की गयी।

सीईओ जिला पंचायत रावत द्वारा ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ी, नया संकई, पढ़ाई आदि में उपस्थित होकर ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर चर्चा की गयी। श्री रावत द्वारा महिलाओं को एक बगिया मां के नाम अभियान की अवधारणा, उसके लाभ एवं किये जाने वाले कार्य से अवगत कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिला जो 0.5 एवं 1 एकड़ भूमि में फलोद्यान विकसित करने हेतु इच्छुक है, उन्हें मनरेगा योजना से फलोद्यान का लाभ दिया जायेगा। मनरेगा योजना के द्वारा पौधों की सुरक्षा हेतु फलोद्यान वाले क्षेत्र में कटीले तारों से फेंसिंग करायी जायेगी। पौधों की सिंचाई हेतु पानी का कुण्ड बनाया जाएगा एवं क्लस्टर के रूप में फलोद्यान विकसित किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि इस अभियान में पौधों एवं सामग्री की राशि का भुगतान हितग्राही को स्वयं ही किया जायेगा। कलस्टर के रूप में फलोद्यान विकसित होने पर पौधों की देखरेख हेतु प्रशिक्षित कृषि सखी द्वारा लगातार भ्रमण किया जायेगा। फलों के आने पर उनका उचित दर पर विक्रय सुनिश्चित किया जायेगा।

17 से 23 जुलाई तक पूजन एवं शिवपुराण

हरदा - नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में 17 से 23 जुलाई तक नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट एवं पार्थेश्वर समिति के तत्वावधान में पार्थेश्वर पूजन एवं शिव पुराण का आयोजन होगा।समिति से जुड़े मधुकर बिल्लौरे,शैलेन्द्र जोशी एवं राजेंद्र बलवटे ने बताया कि आचार्य पंडित गोविंद नारायण शर्मा के निर्देशन में प्रतिदिन शाम 4 से साढ़े 6 बजे तक पार्थेश्वर पूजन होगा.

वहीं रोजाना दोपहर 12 से 3 बजे तक पंडित प्रफुल्लानंद शर्मा द्वारा शिवपुराण का वाचन होगा। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को सुबह 10 बजे से गुप्तेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने सभी समाजजनों से आयोजन में उपस्थित होने का विशेष आग्रह किया है।

इटारसी. आज पूरे विश्व मे स्किल डे मनाया गया जिसमें आज स्थानीय आई टीआई इटारसी में भी मनाया गया जिसमें होनहार बच्चों और जिनको रोजगार मिल चुका है उन्हें पुरस्कार दिए गए. मैनेंजमेंट कमेटी के मोहन खण्डेलवाल, हाजी मुस्ताक अहमद अरब बाबा, विजय अग्रवाल, पथरौटा पेट्रोल पंप और प्राचार्य व कॉलेज का स्टाप उपस्थित थे.

पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान शुरू किया

माखननगर - पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे 15दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का मंगलवार से शुभारंभ किया गया। जिसमें एसडीओपी संजू चौहान के नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा थाना परिसर से इंदौरी चौक तक जागरूकता रैली निकाली जिसमें दल द्वारा लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। थाना प्रभारी एमएस पवार ने बताया अभियान 30जुलाई तक जारी रहेगा जिसमें स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा।

नीलू मालपानी का निधन

पिपरिया - समाजसेवी व व्यवसाई गिरीश मालपानी की अनुज वधु, खिलाड़ी व कोच सतीश मालपानी की भाभी, अथर्व की बड़ी मां, यथार्थ की माताजी, समाजसेवी, कांग्रेस नेता पूर्व मंडी उपाध्यक्ष हरीश मालपानी की धर्मपत्नी साहित्य क्षेत्र में अग्रणी नीलू मालपानी का निधन हुआ। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओं सहित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, शुभचिंतकों ने भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त की । बुधवार को शाम 4.00 बजे माहेश्वरी भवन मोहता प्लाट में पुष्पांजलि सभा शोक सभा होगी।

पुष्पाबाई ने जर्जर मकान तोड़ने की मांगी अनुमति

नवभारत न्यूज

हरदा, 15 जुलाई कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में खिरकिया निवासी आवेदिका पुष्पाबाई ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर अपने क्षतिग्रस्त मकान को तोड़ने के लिये अनुमति मांगी, जिस पर उन्होने मुख्य नगर

पालिका अधिकारी खिरकिया को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जानकीकुंज कॉलोनी निवासियों ने कलेक्टर श्री जैन से कॉलोनी में स्थित पार्क से अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को पार्क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम बालागांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार को हरदा को रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में मालेगांव निवासी सतीश इवने ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर वनांचल क्षेत्र में सोसायटियों के माध्यम से नगद खाद वितरण कराने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला विपणन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

नर्मदापुरम फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान जोखिमों की भरपाई हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसमें किसान भाई फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु बीमा करा सकते है।

युवाओं ने पौधरोपण के साथ की बीमार गाय की सेवा

नवभारत न्यूज

हरदा, 15 जुलाई जिस दौर में युवा पढ़ाई के माध्यम से अपने जीवन को संवारने में लगे हैं । उसी दौर में कुछ युवा जीवन संवारने के साथ प्रकृति को संवारने के लिए भी तत्पर है। ऐसा ही एक नज़ारा हरदा के दयोदय गौशाला में देखने को मिला । जहां कुछ युवाओं ने पौधारोपण किया। जिसमें बिल्वपत्र, पारिजात एवं फलदार पौधे शामिल थे । साथ ही गौशाला में बीमार गायों को हरा चारा, गुड़, अनाज खिलाकर गौ

माता का आशीर्वाद प्राप्त किया । इस दौरान दक्ष शर्मा, अदिति गुरु, एकता शर्मा, अदिति गुरु उपस्थित रहे।

सड़कों पर गौवंश बैठने से रोकने कलेक्टर के कड़े निर्देश

नर्मदापुरम सड़कों पर गौवंश के बैठे रहने से वाहन दुर्घटनाओं की संभावनाओं एवं गौवंश की मृत्यु को रोके जाने के संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये.

स्वरोजगार हेतु कोलेटरल फ्री लोन की सुविधा

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/15,जुलाई,2025 प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत युवाओं को स्वयं का उद्योग उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री लोन प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि रूपये 50 हजार से राशि रूपये 50.00 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है। इसी प्रकार सेवा/खुदरा व्यवसाय स्थापित किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि रूपये 50 हजार से राशि रूपये 25.00 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की.